# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा | द्वितीय (बजट) सत्र

संख्या-06 | शुक्रवार, दिनांक-06 मार्च, 2020 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.31 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री जय प्रकाश भाई पटेल द्वारा माननीय नेता, प्रतिपक्ष का अब तक निर्णय नहीं होने, सदन में सीट का आवंटन वरीयता के अनुसार नहीं किये जाने तथा छठी जे.पी.एस.सी. परीक्षा को रद्द किये जाने हेतु आसन का ध्यान आकृष्ट किया। इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य स्लोगनयुक्त पोस्टर लिये हुए सदन को वेल में आ गये और नारेबाजी करते हुए शनैः-शनैः धरने पर बैठ गये।

### 1.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

#### (i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-12

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल-06, | अ० सू०-50 श्री सुदिव्य कुमार, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-52 श्री समीर कुमार महांती, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-54 श्री विनोद कुमार सिंह, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-55 श्री प्रदीप यादव, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-57 श्री प्रदीप यादव, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-58 श्री बंधु तिर्की, | स० वि० स०। |
| (ख) अपृष्ठ कुल-03, | अ० सू०-51 श्री बिरंची नारायण, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-53 श्री मनीष जयसवाल, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-56 श्री भानु प्रताप शाही, | स० वि० स०। |
| (ग) अनागत कुल-03, | अ० सू०-59 से अ० सू०-61 तक। | |

#### (ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-50

(आसन द्वारा तारांकित प्रश्न पुकारे गये, इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सदन में दिये गये जवाब पर आपत्ति जताते हुए कई सुझाव दिये गये जिसे ग्रहण करने का निदेश अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय मंत्री को दिया गया।)

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित मात्र-01, | तारां०-153 | श्री मथुरा प्रसाद महतो, स० वि० स०। |
| (ख) स्थगित मात्र-01, | तारां०-152 | सुश्री अम्बा प्रसाद, स० वि० स०। |
| (ग) अनागत कुल-48, | तारां०-154 से तारां०-201 तक। | |

इस क्रम मे भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशत: माननीय सदस्य अपनी माँगों को लेकर आसन की ओर आकर नारेबाजी करने लगे। अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.43 बजे पूर्वा० से लेकर 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 2.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा दी गयी शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री उमाशंकर अकेला,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री दशरथ गागराई,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री अमित कुमार यादव,
श्री संजीव सरदार,
श्री सोनाराम सिंकू,
श्री प्रदीप यादव,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री भूषण बाड़ा,
डॉ० इरफान अंसारी,
श्रीमती ममता देवी,
श्री लम्बोदर महतो एवं
श्री मथुरा प्रसाद महतो।

इस क्रम में पुकारे जाने के बावजूद भी सर्वश्री जय प्रकाश भाई पटेल, किशुन कुमार दास, नारायण दास, केदार हजरा एवं श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा शून्यकाल की सूचनायें नहीं पढ़ी जा सकी।

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कतिपय माननीय सदस्य पुनः सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे।)

## 3.आसन से सूचना:-

आसन द्वारा सदन को संसूचित किया गया कि आज सभा की कार्यवाही स्थगन के तुरत बाद विधान सभा के उत्तरी गेट संख्या-02 एवं 03 के नजदीक होली-मिलन समारोह होगा जिसमें सभी माननीय सदस्य सादर आमंत्रित है।

## 4.वित्तीय कार्य:-

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बादल द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के आय-व्ययक मे सम्मिलित अनुदानों की माँगे खण्ड-(01) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(डेयरी प्रभाग) सदन पटल पर उपस्थापित किया गया जिसपर

P.T.O. →

आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह ने अपना कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

**5.वित्तीय कार्य(क्रमांक-04 से जारी):-**

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत आय-व्ययक पर चर्चा के निमित्त विभिन्न दलों के लिए आसन द्वारा समय का आवंटन किया गया।

i- इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री रणधीर कुमार सिंह ने माननीय मंत्री द्वारा प्रस्तुत आय-व्ययक की चर्चा के दौरान किसानों के के.सी.सी. ऋण पर विशेष चर्चा कराये जाने की माँग की,

ii- माननीय सदस्य, श्री बंधु तिर्की ने प्रदेश में कतिपय अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण-पत्र नहीं मिलने से वे नौकरियों के लिए आवेदन नहीं दे पा रहे है, भुईहर, मुण्डा के स्थान पर भूमिहार मुण्डा अंकित कर दिये जाने और लोहरा, लोहार और लोहर में भी भिन्नता नहीं होने से छात्र-छात्राओं को भारी कठिनाईयाँ हो रही है जिसमें सुधार किये जाने की ओर आसन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया,

iii- इस अवसर पर पुनः भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अपने-अपने मुख पर गेरुआ-वस्त्र ढंककर सदन की वेल में आकर मौन प्रदर्शन करने लगे।

इस बीच प्रस्तुत आय-व्ययक पर माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा आसन के निदेश से चर्चा प्रारम्भ की गयी तदुपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी आसन से पुकारे जाने पर चर्चा में भाग लिया-

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सम्पूर्ण माननीय सदस्यों ने सदन का परित्याग किया।)

श्री प्रदीप यादव,

श्री बैद्यनाथ राम।

**6.आसन से घोषण:-**

आसन से निम्न घोषण की गई-

"माननीय मुख्यमंत्री एवं नेता, विधायक दल, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अनुरोध के आलोक में पंचम् झारखण्ड विधान सभा में श्री नलिन सोरेन, स०वि०स० को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (सत्तारूढ़ दल) का मुख्य सचेतक एवं श्री मथुरा प्रसाद महतो, स०वि०स०, श्री मंगल कालिन्दी, स०वि०स० तथा श्री चमरा लिण्डा, स०वि०स० को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (सत्तारूढ़ दल) का सचेतक के रूप में मान्यता प्रदान करता हूँ।"

**7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-05 से जारी):-**

पूर्व से जारी चर्चा के क्रम में माननीय सदस्य श्री बैद्यनाथ राम के बाद माननीय सदस्य श्री राजेश कच्छप, श्री सरयू राय एवं श्री लंबोदर महतो ने भी भाग लिया।

(इस अवसर पर सरकार के उत्तर पर्यन्त सभा का समय विस्तारित किया गया।)

इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री रामचंद्र सिंह द्वारा बेमौसम ओलावृष्टि एवं वर्षा से किसानों के फसलों की हुई क्षति के लिए मुआवजे की मांग की गई तथा माननीय सदस्य,

P.T.O. →

डॉ0 इरफान अंसारी ने किसानों को कर्ज माफी के बावजूद भी बैंकों द्वारा भेजे जा रहे नोटिस पर विराम लगाए जाने हेतु आसन से आग्रह किया गया।

**इसके उपरांत सरकार की ओर माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बादल द्वारा उत्तर दिया गया और माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह ने अपना कटौती का प्रस्ताव वापस लिया तथा** वित्तीय वर्ष-2020-21 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगो खण्ड-(01) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(डेयरी प्रभाग) सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ तत्पश्चात् **सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक-12 मार्च, 2020 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिये स्थगित की गयी।**

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 06 मार्च, 2020ई०।

—x —x—